04 3 महीने से कम का नहीं मिलेगा कनेक्शन...



08 आईएएस अधिकारी के बयान का हरदा में ...



## खबर संक्षेप

### वृद्धाश्रम में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**नर्मदापुरम।** नगरपालिका पिपरिया के वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहां कुल 21 वृद्धजनों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर नोडलएनसीडीजिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के डॉ. उदितकुमारभट्ट, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.अनिलबड़के, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.महेंद्रसिंह, साइकोलॉजिस्ट नाजियासिद्दीकी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.रश्मि तथा अन्य चिकित्सीय स्टाफ उपस्थित रहे। शिविर में मधुमेह, रक्तचाप, हड्डी, नेत्र रोग, स्त्री रोग आदि विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई।

### नसबंदी पखवाड़ा 4 दिसंबर तक रहेगा जारी

**नर्मदापुरम।** भारत सरकार के परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत इस वर्ष भी पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नर्मदापुरम जिले में 21 नवंबर से 4दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक सोच को बदलकर परिवार नियोजन में पुरुषों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। सीएमएचओ डॉ.नरसिंह गेहलोत ने बताया कि इस बार की थीम आज ही शुरुआत करें।

### सड़क मार्ग स्थित पलकमती नदी पुल पर अवैध पार्किंग से लगता है जाम

# रोजाना लगने वाले जाम में फंसते हैं यात्री, बीती रात फंसी एक एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

**शहर में पलकमती नदी पर बनी सड़क मार्ग का पुल अवैध पार्किंग का अड्डा बन गया है। सोमवार रात भी यह स्थिति बनी, जिससे नागरिक व यात्री परेशान हुए।**

सोमवार रात लगभग सात बजे भी यही स्थिति बनी। जब दो वाहन चालक अपनी कारों को पुल पर अलग-अलग दिशा में पार्क कर कहीं चले गए। जिसके कारण काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। तथा नागरिक परेशान हुए। देर शाम व रात के शुरुआती समय में के समय वैसे भी बाजार में जन आवाजाही बहुत अधिक रहती है।

जिसके कारण जाम के चलते स्थानीय नागरिकों सहित वाहनों में बैठे यात्री भी बहुत अधिक परेशान हुए। मामले की नागरिकों ने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की है कि पुलिसकर्मी बाजार बीट में तैनात तो रहते हैं, लेकिन वे पान व चाय की गुमठियों के आसपास ही रहते हैं। बाजार में तैनात पुलिस वाले अपनी बीट में यातायात व्यवस्था सुधार की ड्यूटी निभाते कम ही नज़र आते हैं। सोमवार शाम भी मोरछली क्षेत्र के समीप डायल 112 वाहन तब खड़ा नज़र आया, जब जाम लगा था। लेकिन वाहन में तैनात पुलिस स्टाफ आसपास भी नज़र नहीं आ रहा था। नागरिकों का कहना है कि पलकमती नदी के सड़क मार्ग पुल पर वाहनों की पार्किंग पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है।



#### फंसी एंबुलेंस

पुल पर लगे जाम के दौरान नज़र आया कि इमरजेंसी सर्विस से जुड़ी एंबुलेंस भी काफी देर तक जाम में फंसी रही। नागरिकों का कहना है कि यह समस्या आए दिन बनती है, जब पुल पर जाम लगता है एवं एंबुलेंस जैसे जरूरी वाहन भी जाम में फंस जाते हैं। इस समस्या से अवगत होने के बाद भी कई स्थानीय नागरिक अपने चौपाहिया वाहनों को पलकमती पुल पर खड़े कर घंटे यहां वहां घूमने चले जाते हैं। प्रायः लोग वाहन पार्क कर बाज़ार में खरीदारी करने चले जाते हैं तथा वाहनों के कारण लंबे समय तक जाम लगा रहता है। इस स्थिति से आम यात्रियों सहित एम्बुलेंस में बैठे अथवा सोए मरीजों के लिए मुसीबत की स्थिति बन जाती है।

#### बायपास ही एकमात्र विकल्प

नागरिकों का कहना है कि समस्या निराकरण का एकमात्र विकल्प बायपास निर्माण है। नागरिकों के अनुसार यदि वर्षों पुरानी मांग अनुरूप बायपास बन जाता तो जाम की समस्या से बचा जा सकता है। लेकिन इस महती आवश्यकता से परिचित होने के बाद भी जनप्रतिनिधि बायपास के निर्माण को लेकर गंभीर नहीं हैं तथा कोई भी सकारात्मक कदम नहीं उठा रहे हैं। इस स्थिति से नाराज नागरिकों का कहना है कि डेढ़ दशक से अधिक समय से शहर में बायपास निर्माण की मांग की जा रही है। लेकिन प्रशासन एवं शासन पक्ष में बायपास निर्माण करने को लेकर गंभीर नहीं हैं।

# जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों को जारी करें नोटिस

### कलेक्टर ने 89 आवेदनों पर की सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान अनुपस्थित अधिकारियों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा की अधिकारी जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याओं के समाधान किए जाने में तत्परता दिखाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने कुल 89 आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण में संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों को संधारित करते हुए उसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि आवेदकों को समय पर राहत प्रदान की जा सके।

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए उनके उचित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान चांदला ग्राम के निवासी श्री कन्हैया लाल अहिरवार द्वारा कृषि भूमि के ऊपर से झूलते हुए विद्युत तारों की समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया।

# शहर के अंकिता नगर में हुआ अखंड सीताराम संकीर्तन पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अंकिता नगर की श्री मेकालसुता कॉलोनी के विन्ध्येश्वरी धाम में अखंड सीताराम संकीर्तन का पाठ सोमवार को सूर्य उदय से सूर्यास्त तक किया गया। यह सीताराम संकीर्तन गुलाब सिंह भदोरिया एवं भक्त मंडल द्वारा साज बाज के साथ किया गया। सीताराम कीर्तन कर रहे भक्तों ने बताया कि आज पंचमी के दिन ही जगत के पालनहार प्रभु श्री राम और सीता का विवाह हुआ था एवं आज ही स्थिति पर अयोध्या में श्री राम मंदिर में धर्म ध्वजा लगी है। इसी के उपलक्ष में यह अखंड सीताराम संकीर्तन का पाठ किया गया। इसमें बड़ी संख्या में अंकित नगर एवं अन्य कॉलोनी से श्रद्धालु गण पहुंचे और सभी ने सीताराम संकीर्तन किया।

### ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर की जाए एफ आई आर




**माखन नगर।** अजाक्स प्रांत अध्यक्ष प्रशासनिक सेवा अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई अशोक ने टिप्पणी संपूर्ण विप्र समुदाय आहत हुआ है। माखन नगर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष रमन शुक्ला के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव के नाम तहसील कार्यालय जाकर ज्ञापन सोप कर मांग की गई है संतोष वर्मा पर अपराधिक मामला दर्ज किया जाए। ज्ञापन में कहा गया है आरक्षण का मुद्दा सामाजिक न्याय से सबंधित है किसी समाज की बेटी के कन्यादान से यह परिभाषित नहीं होता कि समाज में समरसता आ गई है कन्यादान निजिता का मामला है कन्यादान को सामाजिक न्याय से जोड़कर नहीं देखा जा सकता है। संतोष वर्मा का बयान उनके दिवालियापन एवं ब्राह्मण समाजके प्रति के प्रति मन कटुता को उजागर करता है ऐसे समाज विरोधी एवं बहन बेटियों पर अशोभनीय बयान देने वाले पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्यवाही की जाए इस अवसर पर नगर के विप्रबंधु मौजूद रहे।

### रोजगार मेले का जायजा

**नर्मदापुरम।** मंगलवार को जवाहरलाल स्मृति नेहरू महाविद्यालय युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का जयजा अनुविभागी अधिकारी सोहागपुर तथा मेला प्रभारी प्रियंका भलावी एवं एसडीओपी सोहागपुर संजू चौहान ने जयजा लिया।

### कर्नाटक में चल रही राष्ट्र स्तरीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हर्ष का चयन

**नर्मदापुरम।** समेरिटेंस इंग्लिश मिडियम हायर सेकेंडरी नर्मदापुरम के छात्र हर्ष गौर का चयन कर्नाटक में चल रही 17 वर्ष बालक राष्ट्र स्तरीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश दल में हुआ है। यह प्रतियोगिता दिनांक 25 नवंबर से 29 नवंबर तक कर्नाटक में आयोजित की जा रही है। इस उपलब्धि पर समेरिटेंस शाला की संचालन समिति सदस्यों, प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, डॉ. सचिन खम्परिया, विनोद कुमार साहू,ऑस्कर एरिन मोजेस, विक्रांत खम्परिया, राजेन्द्र रघुवंशी, वैशाली तिवारी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# नर्मदा कॉलेज में हुआ अहिल्याबाई होल्कर के योगदान विषय पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नर्मदा कॉलेज में राजनीति शास्त्र विभाग में स्नातकोत्तर प्रथम तृतीय सेमेस्टर एवं बीए चतुर्थ वर्ष में भारतीय राजनीति में अहिल्याबाई होल्कर का योगदान विषय पर विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे ने अहिल्याबाई के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे एक श्रेष्ठ प्रशासक और धर्म सुधारक महान व्यक्तित्व की धनी थीं ।कार्यक्रम की समन्वयक डॉ अमिता जोशी ने कहा कि उन्होंने महिलाओं के विकास और राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।सह समन्वयक डॉ ईरा वर्मा ने बताया कि कठिन परिस्थितियों में भी अहिल्याबाई ने एक श्रेष्ठ शासक के रूप में कार्य किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से अपनी पी पी टी का प्रस्तुतीकरण किया एवं शोध पत्र विभाग में जमा किये। अंकित भलावी ने अहिल्याबाई की शासन व्यवस्था, दर्शन यादव ने अहिल्याबाई होल्कर की न्याय व्यवस्था, गजेंद्र अहिरवार ने अहिल्याबाई की सुशासन व्यवस्था, हिमांशु नागवंशी ने अहिल्याबाई के शासन में महिलाओं का विकास एवं अन्य विद्यार्थियों में अहिल्याबाई पर अपने शोध प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की संयोजक डॉ मंजू मालवीय ने पूरे कार्यक्रम का कुशलता से मंच संचालन किया।

### कालेज में लिटरेचर विषय पर हुआ उद्‌बोधन

**नर्मदापुरम।** शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में मंगलवार को अंग्रेजी विभाग द्वारा एलिमेंट्स आफ एथिक्स इन लिटरेचर विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार चौकसे ने अपने उद्बोधन में सभी के जीवन में नैतिकता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने के साथ कक्षाओं में उपस्थिति बढ़ाने पर भी बल दिया और अंग्रेजी विभाग को इस सेमिनार आयोजित करने की बधाई दी। इस सेमिनार में अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुधीर दीक्षित, विभाग के प्राध्यापक डॉ ममता गर्ग, डॉ राजीव शर्मा, डॉ भारती सेवटीया ने भी अपना उद्बोधन दिया।

### राज्य स्तरीय बैंड प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# स्प्रिंगडेल्स स्कूल ने रचा कीर्तिमान, स्कूल बैंड का शानदार प्रदर्शन, बालक व बालिका टीम ने स्पर्धा में पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



राजधानी स्थित एक्सीलेंस स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग सहित विभिन्न संभागों की कुल सत्रह टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतिस्पर्धा कड़ी थी, परंतु इसी चुनौती के बीच स्प्रिंगडेल्स स्कूल की बालक एवं बालिका दोनों टीमों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए एक अद्भुत उपलब्धि हासिल की।

विजेता टीमों को भोपाल की महापौर मालती राय द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चों की आँखों में चमक और गर्व का भाव उनके कठिन परिश्रम और समर्पण की सच्ची पहचान बन रहे थे।

अब दोनों टीमें गोवा में आयोजित होने वाली आगामी जोनल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हो गई हैं। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी यह संदेश दिया है कि लगन और निरंतर अभ्यास किसी भी लक्ष्य को हासिल करने की सबसे बड़ी कुंजी हैं।

विद्यालय के संचालक डॉ चटर्जी ने कहा कि बच्चों ने यह साबित कर दिया कि सीमाएँ वही महसूस करता है जो प्रयास करना छोड़ देता है। हमारे विद्यार्थियों ने हर दिन मेहनत की, खुद को बेहतर बनाया और आज हमारा और उनका सपना सच हो गया है। विश्वास है कि गोवा में विभिन्न राज्यों के बीच होने वाली जोनल प्रतियोगिता में भी ये टीमें अपनी क्षमता का श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी।

प्राचार्य मोना चटर्जी ने बच्चों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को हृदय से बधाई देते हुए यह प्रेरक संदेश दिया कि हर सफलता के पीछे अनुशासन, धैर्य और विश्वास की ताकत होती है। बच्चों का यह प्रदर्शन भविष्य में और ऊँचाइयाँ छुएगा। इस उपलब्धि ने विद्यालय परिसर में उत्साह और गर्व का वातावरण बना दिया है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण-** 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्ते लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## रबी सीजन के लिए अस्थाई कनेक्शनों का टैरिफ प्लान जारी

# 3 महीने से कम का नहीं मिलेगा कनेक्शन राशि में बढ़ोत्तरी से किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विद्युत वितरण कंपनी ने रबी सीजन में सिंचाई के लिए दिए जाने वाले अस्थाई कनेक्शनों की दरें जारी कर दी है। नए टैरिफ प्लान में पिछले साल की तुलना में कनेक्शन की दरों में इजाफा किया है। बताया गया कि पिछले साल 3 एचपी कनेक्शन के रेट तीन माह के 5503 रुपए थे, जो इस साल बढकर 5917 रुपए पर पहुंच गए है। इसी प्रकार 5 एचपी कनेक्शन के तीन माह के रेट 8946 रुपए थे, जो इस साल बढक़र 9634 हो गए हैं, वहीं किसानों को न्यूनतम तीन महीने का विद्युत पंप कनेक्शन लेने की अनिवार्यता की गई है। यह ऐसी बाध्यता है जिसमें किसानों को ना चाहकर भी तीन महीने के लिए कनेक्शन शुल्क एडवांस में जमा करना होगा। कंपनी का कहना है कि यदि किसानों को एक या दो माह का कनेक्शन चाहिए, तो उसे तीन माह का कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा, लेकिन यदि वह एक या दो माह में अपना कनेक्शन कटवा लेता है तो उसकी शेष राशि या तो वापस लौटा दी जाएगी या उसके बिल में समायोजित कर दी जाएगी।



### तीन महीने के कनेक्शन की बाध्यता से बढ़ा आर्थिक बोझ

किसानों को न्यूनतम तीन महीने का विद्युत पंप कनेक्शन लेने की अनिवार्यता ने किसानों को असमंजस में डाल दिया है। किसानों के लिए यह ऐसी बाध्यता है जिसमें ना चाहकर भी किसानों को तीन महीने के लिए कनेक्शन शुल्क एडवांस में जमा करना होगा। जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। हालांकि पूर्व में यही स्थिति सामने आने पर किसानों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा था। जिसके बाद कंपनी के सीएमडी ने नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए दो महीने का कनेक्शन देने के आदेश जारी किए थे। वहीं स्थिति एक बार फिर सामने आने पर किसानों में नाराजगी है। बताया गया कि विद्युत कंपनी जिले में हर साल रबी सीजन में 22 से 24 हजार अस्थाई कनेक्शन जारी करती है।

### फसलें खराब होने से किसानों की हालत खस्ता

पिछले दो-तीन सालों से लगातार फसलें खराब होने के कारण किसानों की हालत पहले से खस्ताहाल है। इस खरीफ सीजन में भी अतिवृष्टि से फसलें खराब हुई हैं। कंपनी के आदेश ने किसानों की परेशानी को बढ़ा दिया है। पहले तो किसानों के पास इतना पैसा नहीं है कि वे सीधे तीन माह का कनेक्शन लें। एक माह के कनेक्शन के लिए ही जैसे-तैसे करके पैसे जुड़ पा रहे हैं। ऐसे में कंपनी का यह कहना कि तीन महीने से कम कनेक्शन नहीं दिया जाएगा, तो किसानों के लिए यह किसी आफत से कम नजर नहीं आ रहा है। इधर तीन माह के पीछे कंपनी का तर्क यह है कि इससे कम अवधि का कनेक्शन दिया भी जाता है तो भी किसान बिजली का उपयोग दो से तीन महीने तक करता है। ऐसे में चोरी के प्रकरण भी बनाने पड़ते हैं।

### यह है पंप थ्री फेस कनेक्शन का टैरिफ प्लान

| पंप क्षमता | तीन माह | चार माह | पांच माह |
|---|---|---|---|
| 3 एचपी | 5917 | 7775 | 9634 |
| 5 एचपी | 9634 | 12732 | 15831 |
| 8एचपी | 15211 | 20168 | 25125 |
| 10 एचपी | 18929 | 25125 | 31321 |
| 13 एचपी | 41084 | 54666 | 68247 |
| 15 एचपी | 47353 | 63023 | 78694 |
| 20 एचपी | 63023 | 83918 | 104812 |

(माह वार के आंकड़े राशि में दर्ज हैं।)

### चार्जेस में परिवर्तन से दरे हो सकती है परिर्वनशील

दरों की गणना राज्य शासन से दी गई सब्सिडी कम करने के बाद की गई है, लेकिन कंपनी यह भी कह रही है कि एफसीए चार्जेस में समय-समय पर परिवर्तन होने से दरें परिवर्तनशील हो सकती हैं। ऐसे में जो टैरिफ है उसमें आगे चलकर दरें बढ़ सकती है। वहीं कंपनी किसानों को यह सलाह भी दे रही है कि उचित रेटिंग का कैपेसिटर पंप कनेक्शन पर स्थापित किया जाए। यदि किसान कैपेसिटर लगाते हैं तो उनसे इसका प्रभार नहीं लिया जाएगा। कैपेसिटर नहीं लगे होने की स्थिति में सरचार्ज भी जमा करना होगा।

### कनेक्शन लेना अनिवार्य

*रबी सीजन के लिए दिए जाने वाले अस्थाई कनेक्शनों की दरों में कुछ इजाफा हुआ है। किसानों को कम से कम तीन महीने का अस्थाई कनेक्शन लेना अनिवार्य है।*

*- **भूपेन्द्र बघेल,** महाप्रबंधक, विद्युत वितरण कंपनी बैतूल*

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता पूर्वक करें निराकरणः कलेक्टर सूर्यवंशी



**बैतूल।** बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम मोही भिलाई निवासी मैनी नागले ने आवेदन के माध्यम से खेत में रोके गए रास्ते को खुलवाने की मांग की। आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुन कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई तहसीलदार को तत्काल रास्ता खुलवाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक करें। एक ही शिकायत के निराकरण के लिए आवेदकों को दोबारा जनसुनवाई में न आना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में 102 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, संयुक्त कलेक्टर श्री मकसूद अहमद ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं। घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम पापरी निवासी शिवराम ने राजस्व रिकॉर्ड से नाम हटाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के ग्राम माथनी निवासी हरिराम ने बीपीएल सूची में नाम दर्ज किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम हरन्या निवासी राधेश्याम साहू ने बीपीएल कार्ड के संबंध में की गई झूठी शिकायत को निरस्त किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर सूर्यवंशी ने बैतूल तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बैतूल।** सोमवार देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल चल रहे 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र के भारत भारती काका ढाबे के पास हुआ। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार रात करीब 10.30 बजे की है। युवक सडक़ किनारे पैदल चल रहा था, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया। उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे आईसीयू में भर्ती किया गया था। हालांकि, इलाज के दौरान मंगलवार को लगभग 12.30 बजे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सिद्धु (35) पिता लक्ष्मण साहु ओझा, निवासी आबकारी ओझाढाना, बैतूल गंज के रूप में हुई है। घटना के समय वह अपनी रोज की दिनचर्या के अनुसार पैदल सडक़ किनारे चल रहा था। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। वाहन की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## बलात्कार-छेड़छाड़ के दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**बैतूल।** बैतूल में पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश पर महिला संबंधी अपराध के दो मामलों में कोतवाली पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पहले मामले में ग्राम रावणवाड़ी के सस्तीराम यादव (32 वर्ष) पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप था। पीड़िता की शिकायत पर उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 1035/2025 दर्ज किया गया था। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। कोतवाली पुलिस ने सायबर सेल की मदद से उसकी लोकेशन छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में ट्रेस की। इसके बाद पुलिस टीम वहां पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर बैतूल लाकर अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दूसरे मामले में जिला जेल परिसर बैतूल के रहने वाले दीनदयाल बांईया (56 वर्ष) पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप है। पीड़िता की रिपोर्ट पर 14 अगस्त 2025 को उसके खिलाफ धारा 74, 75(2), 331(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया और जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने कहा कि महिला संबंधी अपराधों में तेजी और सख्ती से कार्रवाई पुलिस की प्राथमिकता है। ऐसे मामलों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज पाल, उपनिरीक्षक चित्रा कुमरे ने अहम भूमिका निभाई।

## बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन घायल

**बैतूल।** भोपाल मार्ग पर नीमपानी के पास सोमवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक पुलिस सिपाही और 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल सिपाही को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। दुर्घटना लक्ष्मी नर्सरी के पास हुई। जानकारी के अनुसार, शाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खदारा निवासी शिवरतन इवने अपनी भाभी एमवती इवने के साथ बाइक से पाढर से खदारा लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सडक़ पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में घायल सिपाही की पहचान शिवकुमार कुमरे (बैच नंबर 26) के रूप में हुई है।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

# आठनेर में शुरू हुई आधुनिक एसओडीईएस डिजिटल लाइब्रेरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/आठनेर

आठनेर में ग्रामीण छात्रों और युवाओं हेतु बहुप्रतीक्षित एसओडीईएस डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ भवानी कंप्यूटर अकादमी आठनेर के भवन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक हेमन्त खंडेलवाल और केंद्रीय राज्यमंत्री डीडी उइके के हस्ते हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल ने कहा कि आज का युग पूर्णतः डिजिटल है, ऐसे दौर में शिक्षा भी डिजिटल प्लेटफार्म पर उपलब्ध हो रही है और यह लाइब्रेरी युवाओं हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। केंद्रीय राज्यमंत्री डीडी उइके ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह डिजिटल लाइब्रेरी ज्ञानवर्धन का सशक्त माध्यम बनेगी और अधिक से अधिक छात्रों को इसका लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोवर्धन राने, मनोज जगताप, सूरज राठौर, पूर्व अध्यक्ष अजय फोटोफोड़े, पूर्व पार्षद बंटी अडलक, भवानी कंप्यूटर सेंटर आठनेर के छात्र-छात्राएं और नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व संचालक और पूर्व पार्षद डॉ. प्रतिभा सतीश ठाकरे ने डिजिटल लाइब्रेरी की आवश्यकता पर जोर देते कहा कि हमारा प्रयास है कि ऐसी सुविधा दी जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बड़े शहरों जैसी डिजिटल शिक्षा उनके गांव में ही मिल सकेगी और यह पहल युवाओं के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित अध्ययन ही आने वाले समय की वास्तविक शक्ति होगा। कार्यक्रम के समापन पर भवानी कंप्यूटर सेंटर के संचालक सतीश ठाकरे ने सभी अतिथियों एवं नगरवासियों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि लाइब्रेरी को सफल बनाना पूरे आठनेर की सामूहिक जिम्मेदारी है और यही प्रयास क्षेत्र के विद्यार्थियों को नई दिशा प्रदान करेगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

# महानगरों की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा बैतूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने आज अपने अत्यंत व्यस्त कार्यक्रम के बीच नगर के विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। नगर को महानगरों की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाए जाने हेतु वे लगातार प्रयासरत हैं।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रस्तावित कार्यों को गुणवत्ता के साथ नियत समय सीमा में तीव्र गति से पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका एवं लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर सहित पार्षद एवं सभापति गण पिंटू परिहार, रघुनाथ लोखंडे, वरुण धोटे, पवन यादव, कोठी बाजार मंडल अध्यक्ष विक्रम वैद्य तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने नेहरू पार्क के पास चौपाटी स्थल पर पहुचकर निरीक्षण किया। यहां 1 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से व्यापक सौंदर्यीकरण एवं आधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की विलंबता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य आदेश जारी हो चुका है और उन्होंने तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह चौपाटी बैतूलवासियों को आधुनिक मनोरंजन और आकर्षण का नया केंद्र उपलब्ध कराएगी। निरीक्षण भ्रमण के दूसरे पड़ाव में हेमंत खंडेलवाल पुलिस ग्राउंड पहुंचे। यहां पीडबल्यूडी चौक साइड स्थित ग्राउंड के कोने पर निर्माणाधीन भवन को योग भवन के रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही ग्राउंड के पीछे की ओर आवश्यकतानुसार टॉयलेट्स का निर्माण भी प्राथमिकता से करवाया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागीय इंजीनियरों को निर्देश दिए कि कार्य समय पर और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण होना चाहिए। कोठीबाजार स्थित गांधी चौक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां की सबसे बड़ी समस्या पार्किंग का विस्तृत अध्ययन कर समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यस्ततम बाजार क्षेत्र होने के चलते यहां पार्किंग की समस्या को समाप्त करना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से अंडरग्राउंड पार्किंग एवं विशाल शेड निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

## संगठन मजबूत करने दिया संदेश

# बैतूल में नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस का प्रथम सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय गंज में हुए युवा कांग्रेस के प्रथम सम्मेलन में पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे और जिलाध्यक्ष निलय डागा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हर गांव में 20-20 कार्यकर्ताओं की टीम बनाने के निर्देश दिए। पूर्व विधायक धरमू सिंह सिरसाम और ब्रह्मा भलावी ने युवाओं को आगामी चुनावों के लिए अभी से कमर कसने और जिले की सशक्त आवाज बनकर काम करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष संजय सरदार यादव ने बताया कि जिले में पचास हजार से अधिक युवा कांग्रेस सदस्य बनाए गए हैं और सभी को युवा कांग्रेस चुनाव के माध्यम से सौपी गई जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। सम्मेलन में सभी ब्लॉक अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही तथा निर्णय लिया गया कि 27 नवंबर को भोपाल में युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के नेतृत्व में चुनाव आयोग कार्यालय का घेराव किया जाएगा।जिसमें जिले के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी युवा निर्वाचित होकर आए हैं और अब जिले के प्रत्येक गांव में कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करना उनका पहला दायित्व है। जिलाध्यक्ष निलय डागा ने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि युवा कांग्रेस पार्टी की मजबूती की रीढ़ है और युवाओं के मुद्दों पर पूरे जिले में सक्रियता से काम किया जाना चाहिए। वहीं पूर्व विधायक ब्रह्मा भलावी ने कहा कि युवा कांग्रेस से ही निकलकर कई बड़े नेता पार्टी की कमान संभाल रहे हैं, इसलिए सभी पदाधिकारी बैतूल जिले की सशक्त आवाज बनकर कार्य करें। कार्यक्रम में ब्रजभूषण पांडे, समीर खान, अनुराग मिश्रा, नितिन गाडरे, मनोज आर्य, लवलेश राठौर, पुष्पा पेंदाम, जगदीश गोचरे आदि रहे मौजूद।

## सिंचाई और बिजली व्यवस्था सुचारू रहें, औद्योगिक निवेश के लिए लैंड बैंक बढ़ाए

# सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण कार्य में गति लाएं: विधायक

### विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मंगलवार को विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर निवास पर किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमन्त खंडेलवाल, विधायक आमला डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान द्वारा विभागवार योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की गईं। बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, वन मंडल अधिकारी नवीन गर्ग, वन मंडल अधिकारी अधिकारी लक्ष्मीकांत वासनिक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।



बैठक सबसे पहले कृषि, सहकारिता एवं जल संसाधन के विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। विधायक श्री खंडेलवाल ने जिले में खाद की उपलब्धता एवं वितरण की जानकारी लीं। उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता हैं। विधायक जी की पहल पर किसानों को सुगमता से खाद मिलें और केंद्रों पर अनावश्यक लाइन न लगें इसके लिए व्यवस्था बनाई गई हैं। जिसके अच्छे परिणाम भी मिले हैं। जिससे खाद का सुचारू रूप से वितरण जारी हैं। उन्होंने फसल सर्वे और फसल बीमा के भुगतान की भी जानकारी लीं। उप संचालक कृषि ने बताया कि अभी तक 6835 किसानों को 7 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका हैं, शेष प्रभावित किसानों को भुगतान जारी है।

### मंडी में व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के दिए निर्देश

विधायक श्री खंडेलवाल ने बैतूल मंडी में भी व्यवस्थाएं भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए। विधायक श्रीमती गंगाबाई उईके ने कहा कि चोपना में सहकारी बैंक की व्यवस्था की जाएं। जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक ने बताया कि चोपना में बैंक के लिए एप्लाई कर दिया हैं। आमला विधायक डॉ पंडाग्रे ने भी खेड़ली बाजार में सहकारी बैंक खोले जाने की बात कहीं, जिस पर सीईओ जिला सहकारी बैंक ने बताया कि खेड़ली बाजार का प्रस्ताव भी पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका हैं। विधायक भैंसदेही श्री चौहान ग्राम खोमाई में समिति में नेटवर्क सम्बन्धी समस्या के निराकरण की बात कहीं। जिस पर समिति में नेटवर्क कनेक्शन दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

### सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण कार्यो में गति लाए

जल संसाधन विभाग की समीक्षा में मेंढ़ा, घोघरी, शीतलझिरी, निर्गुण,रामघाटी सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गईं, जिस पर सभी विधायकों ने कहा कि निर्माण कार्यों में गति लाएं। लेटलतीफ़ी करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जाएं। विधायक खंडेलवाल ने कहा कि पारसडोह सिंचाई परियोजना से किसानों को सुचारू रूप से पानी मिले। बैतूल में सिंचाई एवं पेयजल के लिए माचना एवं ताप्ती नदी का स्थल निरीक्षण कर उपयुक्त स्थल पर बैराज निर्माण का प्रस्ताव भी बनाएं।

**संक्षेप खबर**

### स्टेट सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए टीम इंदौर रवाना होगी



**इटारसी।** 26 एवं 27 नवंबर को इंदौर में आयोजित होने वाली 47वीं सीनियर स्टेट सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए जिले की टीम बुधवार सुबह पंचवली एक्सप्रेस से इंदौर के लिए रवाना होगी। प्रस्थान से पूर्व परंपरानुसार सभी खिलाड़ियों द्वारा खेल सामग्री का पूजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सॉफ्टबॉल संघ के सचिव अश्वनी मालवीय उपस्थित रहे। जिला टीम में इस वर्ष लड़कियों की टीम की कप्तान निधि तिवारी और लड़कों की टीम के कप्तान पीयूष कतिया को बनाया गया है। दोनों टीमें अपने कोच आलोक चौधरी के मार्गदर्शन में चैंपियनशिप में भाग लेंगी।

### रोजगार मेले का आयोजन आज

**सोहागपुर।** सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के प्रयासों से युवाओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज ने बताया कि नर्मदापुरम-रोजगार कार्यालय द्वारा आज बुधवार को पं. जवाहर लाल नेहरू कॉलेज सोहागपुर में सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक होगा।

### श्री देवल मंदिर में भव्य कार्यक्रम के दौरान आयोजन में भक्तों का लगा रहा तांता

# राम विवाह: 25 जोड़ों की निकली बारात जनकपुरी में हुआ पाणिग्रहण संस्कार

श्री देवल मंदिर काली समिति द्वारा आयोजित वर्ष 2025 का 41 वॉ श्रीराम विवाह महोत्सव मंगलवार को संपन्न हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री देवल मंदिर काली समिति द्वारा आयोजित वर्ष 2025 का 41 वॉ श्रीराम विवाह महोत्सव मंगलवार 25 नवंबर को अपने चरमोत्कर्ष पर है। इस सात दिवसीय मांगलिक कार्यक्रम (20 से 26 नवंबर) के तहत मंगलवार को 25 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर संपन्न हुआ। मंगलवार सुबह 9 बजे विशाल कन्या भोज एवं भंडारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था।

देर शाम को श्री द्वारिकाधीश मंदिर, तुलसी चौक से भगवान श्रीरामजी के साथ सभी दूल्हा राजाओं की भव्य बारात बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की दिव्य गूंज के साथ रवाना हुई। यह 3 किलोमीटर लंबी शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए



देर शाम श्री देवल मंदिर में निर्मित भव्य जनकपुरी स्थल पर पहुंची जहां रात्रि में अन्य कार्यक्रम, उत्सव और विवाह की रस्में संपन्न हुई। कार्यक्रम में रात 11 बजे जय माला एवं प्रीतिभोज, सभी नवयुगलों का जयमाला समारोह आयोजित हुआ, जिसके बाद सामूहिक प्रीतिभोज संपन्न हुआ। रात 12 बजे पाणिग्रहण संस्कार महोत्सव का सबसे पवित्र और शुभ क्षण रहा। प्रभु श्रीराम के साथ सभी नवयुगल अग्नि को साक्षी मानकर विवाह बंधन में बंध गए। शुभ आशीर्वादों का महायज्ञ अगले दिन आज, बुधवार, 26 नवंबर को सुबह 7 बजे विदाई समारोह के साथ संपन्न होगा, जब नवविवाहित जोड़े नए जीवन की शुरुआत के लिए विदा होंगे।

### कार्यक्रम में विधायक हुए शामिल

श्री राम विवाह महोत्सव में शामिल हुये क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा, देवल मंदिर पहुँचकर भगवान श्रीराम के दर्शन किये। इस अवसर पर पुरानी इटारसी भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, उपाध्यक्ष विपुल चौधरी, गोकुल पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।



## शहीदी दिवस पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मंगलवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में सिख धर्म के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत किया गया। यह दिवस गुरु के धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान की याद में मनाया जाता है, जिन्हें 'हिंद की चादर' भी कहा जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य, मुख्य वक्ता एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. हरप्रीत रंधावा और सभी प्राध्यापकों द्वारा गुरु तेग बहादुर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांतों की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले गुरु तेग बहादुर का स्थान मत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता डॉ. हरप्रीत रंधावा ने गुरु के जीवन, उनकी शिक्षाओं और संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे 1675 में मुगल बादशाह औरंगजेब के आदेश पर उन्हें इस्लाम धर्म स्वीकार न करने के कारण दिल्ली के चांदनी चौक में शहीद कर दिया गया था। रविन्द्र चौरसिया ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने संपूर्ण मानव जाति के लिए कार्य किया यही शिक्षा हमें उनके जीवन से मिलती है। डॉ. संजय आर्य ने बताया कि गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं और बलिदान से हमें सबक लेने की जरूरत है। उनका बलिदान, सत्य, अहिंसा में विश्वास और सबके प्रति एक परोपकारी दृष्टिकोण के लिए प्रेरणादायी है। अंत में गुरु तेग बहादुर जी के जीवनवृत्त पर आधारित फिल्म छात्राओं को दिखाई गई। इस अवसर पर सभी प्राध्यापकगण एवं छात्राएं उपस्थित थी।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डन पांडेय के मार्गदर्शन में न्यू यार्ड में मतदाता सहयोग शिविर किया गया आयोजित



**इटारसी।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में नर्मदापुरम जिले में कांग्रेसजनों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कांग्रेसजन अपने काम के प्रति गंभीर नजर आ रहे हैं। वर्तमान में चल रहे एसआईआर मतदाता पूनरीक्षण कार्य को लेकर जिले में कांग्रेसजन सक्रिय नजर आ रहे हैं। मंगलवार को न्यू यार्ड क्षेत्र में मतदाताओं के सहयोग हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में मतदाताओं ने आकर कांग्रेस जनों से अपने फार्म भरवाये। इस प्रकार जिले में सम्मानित कांग्रेसजन द्वारा बीएलओ की सहायता कर मतदाताओं का फॉर्म भरने में सहयोग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में जिलाध्यक्ष पांडेय के निर्देशन पर जगह-जगह गांव, शहर, बुथ स्तर पर कांग्रेस द्वारा मतदाताओं के सहयोग के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं, साथ हु घर-घर जाकर उनके फार्म भरे जा रहे हैं। न्यू यार्ड के शिविर में इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन झलिया, पूर्व सरपंच राकेश चंदेले, अधिवक्ता उच्च न्यायालय मुकेश यादव आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## भारतीय हॉकी के 100 वर्ष: नगर पालिका आयोजित कराएगी अखिल भारतीय महात्मा गांधी हॉकी प्रतियोगिता 14 दिसंबर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारतीय हॉकी के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक उपलक्ष्य में, नगरपालिका परिषद इटारसी द्वारा आगामी दिसंबर माह में एक भव्य खेल आयोजन की घोषणा की गई है। स्थानीय गांधी ग्राउंड में 14 दिसंबर से 21 दिसंबर तक अखिल भारतीय महात्मा गांधी हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश भर की टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

**2.12 लाख की इनामी राशि, राष्ट्रीय स्तर का रोमांच:** इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार राशि की घोषणा भी कर दी गई है, जो राष्ट्रीय स्तर के रोमांच को और बढ़ाएगी। प्रथम पुरस्कार 1,00,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 71,000 रुपए, तृतीय पुरस्कार



(हार्डलाइनर) 41,000 रुपए रहेगा।

**तैयारी बैठक:** रूपरेखा पर मंथनप्रतियोगिता की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए नगरपालिका आयोजन समिति कार्यालय, गांधी ग्राउंड, इटारसी में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। राहुल चौरे को आयोजिन समिति का सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि यह आयोजन न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देगा, बल्कि खेल प्रेमियों को राष्ट्रीय स्तर की उत्कृष्ट हॉकी का सीधा अनुभव करने का अवसर भी प्रदान करेगा।

बैठक में प्रतियोगिता से जुड़े प्रमुख बिन्दुओं जैसे टीमों के आमंत्रण, मैच शेड्यूल, तकनीकी व्यवस्थाएं, मैदान और आवास व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत, तथा व्यापक प्रचार-प्रसार पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी विभागों को समयबद्ध एवं सुचारू तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि यह आयोजन ऐतिहासिक और यादगार बन सके।

आयोजन समिति की इस महत्वपूर्ण बैठक में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा सहित एससी लाल, राहुल चौरे, शैलेन्द्र दुबे, दीप सिंह ठाकुर, जगदीश मालवीय, राकेश जाधव, सर्वप्रीत सिंह भाटिया, रिंकू भाटिया, हिमांशु अग्रवाल, शेख नियाज़, गिडियन ग्लैडविन, अमनकित सिंह भाटिया, जय राज भानू, अमित श्रीवास, नियाज़ खान और मो. इदरिस खान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के बाद विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने मैदान का निरीक्षण भी किया।

**समिति प्रमुख और दायित्व:** **आवास व्यवस्था प्रमुख :** कुलभूषण मिश्रा, अरुण रावर्ट। **ग्राउंड व्यवस्था:** जय सिंह भदौरिया, पवन कुमार। **स्वागत समिति के अध्यक्ष** शैलेन्द्र दुबे। **संचालन:** हिमांशु बाबू अग्रवाल एवं जयकिशोर चौधरी।

## विद्याभारती की योजना सप्तशक्ति संगम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विद्याभारती मध्यभारत प्रान्त की योजना सप्तशक्ति संगम के अंतर्गत मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर, आर्यनगर, इटारसी में मातृशक्ति संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। संगोष्ठी की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति की सम्माननीय सदस्या एवं न्यूट्रीशियन तथा समाजसेविका बबीता अग्रवाल ने की।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आशा मीणा (प्रभारी प्राचार्य, माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, पवारखेड़ा, नर्मदापुरम) तथा विशिष्ट अतिथि एवं विद्यालय समिति सदस्या शुभ्रा चांडक उपस्थित रहीं।अपने उद्बोधन में आशा मीणा ने "कुटुम्ब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण" विषय पर प्रभावी




प्रतिपादन प्रस्तुत किया। उन्होंने परिवार में संवाद, संस्कार, और मूल्य आधारित जीवन की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक कर्तव्य बताया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति रही, जिन्होंने अत्यंत उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। सत्र के अंत में सभी उपस्थित मातृशक्ति को पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्प दिलाया गया।

## विशेष गहन पुनरीक्षण: सिवनी मालवा में शक्ति केन्द्र क्रमांक-2 पर समीक्षा बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के तहत नगर मंडल के शक्ति केन्द्र क्रमांक-2, वीर शिवाजी वार्ड (वार्ड क्रमांक 4, 14 व 15) तथा बूथ क्रमांक 71, 73, 74 व 75 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि "मतदाता सूची में सही व पूर्ण अपडेट लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मूल शक्ति है।

प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में जुड़ना आवश्यक है। हम सभी बूथ स्तर पर लगातार जागरूकता कार्य कर रहे हैं और लोगों से अनुरोध है कि वे सक्रिय रूप से अपने दस्तावेज़ पूरे कर



मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाएं।"

नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि "शक्ति केन्द्रों पर चल रहे अभियान में कार्यकर्ताओं का सहयोग सराहनीय है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं। बूथ स्तर पर टीम लगातार घर-घर संपर्क कर लोगों को नाम जोड़ने, हटाने और सुधार प्रक्रिया के लिए प्रेरित कर रही है।"

इस दौरान अयोजित की गई बैठक में विधानसभा संयोजक रघुवीर राजपूत, नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी, पूर्व पार्षद राजेश बथाव, प्रदेश झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक विजय उरिया, मंडल महामंत्री तुषार लोवंशी, अतुल बकोरिया, नगर मंत्री विक्रम रघुवंशी, प्रमोद वरैया, बूथ अध्यक्ष, बूथ मंत्री, मंडल पदाधिकारी एवं बूथ के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गणना पत्रक भरने के लिए ओटीपी आवश्यक नहीं, मतदाता रहें सतर्क: एसडीएम राय

हरिभूमि न्यूज : सिवनी मालवा

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बी एल ओ या किसी भी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की आवश्यकता नहीं है। मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मतदाताओं को सतर्क करते हुए कहा है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं का नाम, माता-पिता का नाम या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बी एल ओ अथवा नजदीकी हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं इसके अलावा ऑनलाइन भी प्राप्त की जा सकती है उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया



है कि गणना पत्रक भरते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें।

आधिकारिक वेब सरकारी वेबसाइट पर ही गणना पत्रक भरे ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा ना करें विजय राय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 136 सिवनी मालवा ने बताया कि गणना पत्रक की प्रक्रिया में निर्वाचन विभाग या किसी अधिकारी द्वारा फोन मैसेज पर ओटीपी आधार नंबर मोबाइल नंबर आदि मांगना प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है यदि कोई इस तरह की जानकारी मांगता है तो वह साइबर फ्रॉड कॉल हो सकता है।

## एसडीएम ने जनसुनवाई में समस्या निराकरण के दिए निर्देश



**इटारसी।** माह के चौथे मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम नीलेश शर्मा और तहसीलदार सुनीता साहनी ने स्वयं उपस्थित रहकर हितग्राहियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए।

एसडीएम नीलेश शर्मा ने बताया कि जनसुनवाई में लगभग एक दर्जन आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से ज्यादातर समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश मौके पर ही प्रदान कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से नगरीय निकाय संबंधी शिकायतें थीं। इनमें मुख्य रूप से अस्थायी अतिक्रमण की शिकायतें शामिल थीं।इन शिकायतों के संबंध में एसडीएम नीलेश शर्मा ने सीएमओ को तुरंत निराकरण के निर्देश दिए हैं।

## वार्ड 23 में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण का लक्ष्य किया पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान (एसएआर) के तहत वार्ड 23 में बीएलओ द्वारा 197 बूथ का लक्ष्य 934 वोटर पूरा कर लिया गया। इसी क्रम में वार्ड 23 के पार्षद राकेश जाधव ने झुग्गी बस्तियों में पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक किया।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे इस विशेष अभियान में पार्षद राकेश जाधव ने बीएलओ रवि सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कल्पना भारती सैनी और शीला बंगौती के साथ मिलकर घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद किया। टीम ने प्रपत्र भरने में आने वाली समस्याओं को समझा और मौके पर ही उनका समाधान किया। इस दौरान नए मतदाताओं के



पंजीयन, पते में बदलाव, नाम सुधार एवं मृत मतदाताओं के नाम विलोपन जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी गई। पार्षद राकेश जाधव ने कहा कि मजबूत और पारदर्शी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए मतदाता सूची का त्रुटिरहित होना अत्यंत आवश्यक है।

### विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जोरों पर

## इटारसी में एसडीएम शर्मा के नेतृत्व में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण में मिल रहा है सबका सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विधानसभा क्षेत्र नर्मदापुरम इटारसी में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित शेड्यूल के अनुसार तेजी से किया जा रहा है।

इटारसी में एसडीएम नीलेश शर्मा के अनुसार, यह महत्वपूर्ण कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर की अवधि में पूरा किया जाना है। घर-घर जाकर एकत्र किए जा रहे गणना प्रपत्रएसडीएम नीलेश शर्मा ने बताया कि मतदाता पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्रों का वितरण और संग्रह दोनों कार्य पूरी मुस्तैदी से किए जा रहे हैं।



**मैपिंग टीम:** कार्य को सुव्यवस्थित करने विशेष टीम का गठन किया है, जो 2003 से प्रपत्रों की मैपिंग का कार्य कर रही है।

**बीएलओ की सक्रियता:** बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों को एकत्र कर रहे हैं।

**मतदाताओं की सहायता:** जिन मतदाताओं को प्रपत्र भरने में कठिनाई आ रही है, बीएलओ उनकी मदद भी कर रहे हैं।

**राजनीतिक दलों का सहयोग:** इस कार्य में राजनीतिक दलों के सदस्य भी सक्रिय रूप से मतदाताओं का सहयोग कर रहे हैं।

एसडीएम नीलेश शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई टाइमलाइन (4 दिसंबर) के अनुसार यह काम सफलतापूर्वक और समय पर पूरा कर लिया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ का सम्मानमतदाता पुनरीक्षण कार्य में पूरी मुस्तैदी और तेजी से काम कर रहे बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित भी किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि ग्राम धौंखेड़ा के बीएलओ ने अपने क्षेत्र में शत-प्रतिशत काम पूरा कर लिया है, जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया है।

## आईएएस वर्मा की टिप्पणी पर विरोध एफआईआर के लिए आज देंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज : इटारसी

नर्मदापुरम जिला सर्व ब्राह्मण समाज ने आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा सार्वजनिक मंच पर 'ब्राह्मण बेटियों के खिलाफ कथित अमर्यादित टिप्पणी' करने पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। समाज ने वर्मा के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई और पद से हटाने की मांग की है।

बुधवार को इस संबंध में सर्व ब्राह्मण समाज इटारसी थाने में एफआईआर कराने और सीएम से वर्मा को पद से हटाने की मांग लेकर दोपहर 1 पहुंचेंगे। इससे पहले सभी रेस्ट हाउस में एकत्र होंगे।

**विरोध प्रदर्शन और मांगे**

सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल, का नेतृत्व समाज के अध्यक्ष पंडित जितेंद्र ओझा कर रहे हैं, उन्होंने घोषणा की है कि इस आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ अधिकारी संतोष वर्मा के खिलाफ टिप्पणी के संबंध में कल पुलिस में औपचारिक शिकायत (एफआईआर) दर्ज कराई जाएगी। समाज मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करेगा और अधिकारी संतोष वर्मा को उनके वर्तमान पद से हटाने का ज्ञापन सौंपेगा।

वहीं इस बारे में पं जितेंद्र ओझा ने अपने बयान में अधिकारी के पुराने विवादों का भी उल्लेख किया, जिनमें कथित तौर पर 420 के आरोप में जेल जाने और सार्वजनिक रूप से एक महिला द्वारा अपमानित होने की घटनाएं शामिल हैं, और कहा कि ऐसे व्यक्ति का प्रशासनिक पद पर बने रहना स्वीकार्य नहीं है।

## खबर संक्षेप

### सोनतलाई व करताना में रोजगार मेला संपन्न

**हरदा।** म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन हरदा द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन सोमवार को ग्राम पंचायत भवन सोनतलाई एवं मंगलवार को ग्राम पंचायत करताना में बस स्टैंड पर आयोजित किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनीयो एसआईएस नीमच, प्रतिभा सिंटेक्स, पीथमपुर, प्रथम एज्युकेशन भोपाल एवं वर्धमान फैब्रिक मण्डीदीप, ने सहभागीता कर युवाओं का चयन किया। ग्राम पंचायत सोनतलाई में 32 बेरोजगार युवक युवतियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें से 12 युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए, ग्राम पंचायत करताना में 45 बेरोजगार युवक युवतियों ने अपना पंजीयन कराया जिसमें से 35 युवकों को विभिन्न कंपनियो व संस्थाओं द्वारा रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। मेले में म.प्र.डे.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जिला प्रबंधक राधेश्याम जाट, सहायक विकासखंड प्रबंधक लोकेश रावत विकासखंड हरदा एवं प्रभारी विकासखंड प्रबंधक अभिजीत मिश्रा, केवलराम तवर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4282 रुपए

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 24 नवंबर को 4282 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। 23 नवंबर को भी यही रेट जारी हुआ था। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए और 22 नवंबर को 4285 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

### किसानों के विरोध के चलते नहीं कसे गए विद्युत तार, बिगड़े हालात

# बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना: 65 गांवों में रबी-फसलें लेने पर मंडराया संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

बिंजलवाड़ा उद्वहन सिंचाई परियोजना के पंप हाउस क्र. 3 से क्र. 2 के मध्य विद्युत टावरों में तार-संयोजन कार्य में संकट के बादल छा गए हैं। फलस्वरूप इस रबी सीजन में 65 गांवों की 19 हजार 292 हेक्टर कृषि भूमि सिंचाई से वंचित रहने की संभावनाएं है।

बताया जाता है कि भगवानपुरा (पंप हाउस क्र.3) से दौड़वां (पंप हाउस क्र.2) के मध्य 30 किमी तक 132 केवी विद्युत लाइन निर्माणाधीन है। जिसमें 27.5 किमी तक विद्युत टावर और तार लगाए जा चुके हैं। जबकि 2.5 किमी की दूरी में टॉवरों पर अभी तक तार कसे नहीं गए हैं, जिनमें किसानों ने सहमति नहीं दी है। फलस्वरूप उक्त अपूर्ण कार्य और विद्युत संयोजन होने पर ही 65 गांवों की कृषि-भूमि सिंचित हो सकेगी।



#### वन विभाग से नहीं मिली थी अनुमति

इसके पूर्व विद्युत लाइन को अतरसुम्बा (भगवानपुरा) से दौड़वां तक मुख्य नाहर के किनारे-किनारे प्रस्तावित की गई थी। परंतु इनके मध्य वन विभाग की भूमि आने से स्वीकृति नहीं मिल सकी थी। इसलिए इस एलायमेंट में पुनः परिवर्तन किया गया, जिससे परियोजना का लाभ समयावधि में किसानों को नहीं मिल सका था। परंतु उक्त टॉवरों पर विद्युत तार नहीं कसे जाने से विद्युत संयोजन कैसे होगा यह समझ से परे हैं। वहीं, सरकार और जिला प्रशासन के हस्तक्षेप बगैर समस्या का निराकरण संभव नहीं है।

#### किसान नहीं दे रहे अनुमति

विद्युत तार कसने के मामले में ग्राम बागदा बुजुर्ग और गोराडिया गांव के 21 किसान अनुमति नहीं दे रहे हैं। वे क्षतिपूर्ति के रूप में न्यूनतम 50 हजार से 15 लाख की मांग कर रहे हैं। किसानों ने प्रतिनिधि से दूरभाष पर चर्चा की है। इनमें किसान महेश पटेल ने कहा कि फसल का अधिक नुकसान नहीं है, लेकिन तारों के नीचे कोई निर्माण नहीं होने से 5 लाख रुपए मुआवजा राशि आवश्यक होगी। इसी प्रकार दीपक-दुलीचंद पटेल बताया कि मैं जमीन की बिक्री करना चाहता था और अब भाव कम हो गया है। इसलिए उन्होंने 10 लाख के स्थान 15 लाख लेकर अनुमति देने की बात कही है।

#### इनका कहना है...

21 किसानों द्वारा करीब 65 लाख की मांग करने से विद्युत तार नहीं कसे जा सके हैं। जिससे इस रबी सीजन में 65 गांवों की 19 हजार 292 हेक्टर भूमि सिंचाई से वंचित हो जाएगी।

**रघु कारमीला, महाप्रबंधक, जीवीपीआर इंजीनियरिंग, हैदराबाद**

निर्माण एजेंसी तो कार्य के उपरांत चली जाएगी और सिंचाई का पूरा लाभ किसानों को ही मिलना है। हमारा प्रयास भी सिंचाई के रकबे में अधिकाधिक वृद्धि करना है। जिसमें किसानों को आवश्यक सहयोग करना चाहिए।

**सीएल आरख, मुख्य अभियंता, इंदिरा सागर परियोजना सनावद**

### कार्रवाई की मांग की

## आईएएस अधिकारी के बयान का हरदा में विरोध, ज्ञापन सौंपा



**हरदा।** मध्यप्रदेश में अजाक्स (मप्र अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी एवं अधिकारी संघ) के प्रांतीय अध्यक्ष और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा दिए गए एक विवादित बयान को लेकर हरदा में ब्राह्मण संगठनों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। यह मामला ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर की गई एक टिप्पणी से संबंधित है, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। मंगलवार शाम को श्री परशुराम सेना और परशुराम सेना ने अलग-अलग ज्ञापन सौंपे। परशुराम सेना ने संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा को ज्ञापन दिया, जबकि श्री परशुराम सेना ने एडीएम पुरुषोत्तम कुमार को अपनी मांगें प्रस्तुत कीं। बयान सामने आने के बाद श्री परशुराम सेना के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुधीर शर्मा ने इसे ब्राह्मण समाज की बेटियों का अपमान बताया और तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की। वहीं, प्रदेश सचिव राज शर्मा ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने संतोष वर्मा के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया, तो ब्राह्मण समाज पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को मजबूर होगा। राज शर्मा ने आरोप लगाया कि संतोष वर्मा ने जानबूझकर और सोची-समझी साजिश के तहत ब्राह्मण समाज की बेटियों और महिलाओं को निशाना बनाते हुए अत्यंत आपत्तिजनक, घृणित और भद्दी टिप्पणी की है। उन्होंने इसे किसी भी सभ्य समाज के लिए पूरी तरह अस्वीकार्य और असहनीय बताया।

#### भीम आर्मी ने लिया पक्ष

दूसरी ओर, शाम को भीम आर्मी के कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसमें राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति युवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष राहुल पवारे ने कहा कि कुछ व्यक्तियों द्वारा संतोष वर्मा के वक्तव्य को तोड़-मरोड़कर मीडिया में भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही है। उन्होंने इस जानकारी को पूर्णतः गलत, भ्रामक और असत्य करार दिया और वास्तविक तथ्यों को साझा करने तथा गलतफहमियों को दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

## जनसुनवाई में सुनी गई नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजलि जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।



जनसुनवाई में सलिता बाई ने कलेक्टर को आवेदन देकर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत स्वीकृत गैस सिलेण्डर किसी अन्य को दिये जाने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदिका की मामले की जांच कर आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम सिंगनपुर निवासी मनोज कुमरे ने कलेक्टर को गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनवाने के लिये आवेदन दिया, जिस पर उन्होने तहसीलदार रहटगांव को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम ढेंगा निवासी मंगल ने कलेक्टर को आवेदन देकर राशन दुकान से गल्ला दिलाने की मांग की, जिस पर उन्होने जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदक की पात्रता अनुसार गल्ला उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हरदा निवासी संदीप परते ने बिजली बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी को आवेदक की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये। ग्राम खुदिया निवासी शिवनारायण राजपूत ने आवेदन देकर गौशाला के उपर से विद्युत लाइन खिंचने के संबंध में शिकायत की, जिस पर विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों को आवेदक की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिये गये।

### हरदा में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान ने पकड़ी रफ्तार

## हरदा के मतदान केंद्र क्रमांक 96 के बीएलओ ने किया सराहनीय कार्य


**हरदा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश में चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अभियान के अंतर्गत हरदा जिले में मतदाता सूची के अद्यतन का कार्य जोर-शोर से जारी है। इसी क्रम में, हरदा विधानसभा क्षेत्र 135 के शहरी इलाके में स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 96 वार्ड क्रमांक 09, छत्रपति शिवाजी वार्ड ने पुनरीक्षण कार्य में 97 प्रतिशत की उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है।

अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हरदा अशोक डेहरिया ने बताया कि इस महत्वपूर्ण सफलता का श्रेय क्षेत्र के जागरूक नागरिकों के समय पर सहयोग, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयासों को जाता है। उन्होने बताया कि इस उपलब्धि को प्राप्त करने में बूथ लेवल अधिकार शाबीर खान, सहायक राजस्व निरीक्षक, नगर पालिका हरदा का अथक परिश्रम सराहनीय रहा है। उनके साथ-साथ, राजनीतिक दलों के नियुक्त बूथ लेवल एजेंट भारतीय जनता पार्टी के अजय अग्रवाल और इंडियन नेशनल कांग्रेस के ज्ञानेश उपाध्याय के सहयोग ने घर-घर सत्यापन और जानकारी उपलब्ध कराने के कार्य को सटीकता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करने में मदद की।

इस संपूर्ण पुनरीक्षण कार्य की सतत निगरानी और मार्गदर्शन निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अशोक कुमार डेहरिया और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजेंद्र पवार द्वारा किया गया।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डेहरिया ने भारत निर्वाचन आयोग की ओर से हरदा के सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और बूथ लेवल एजेंटों को उनके सहयोग और सहभागिता हेतु हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होने विधानसभा क्षेत्र हरदा के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे भी एस.आई.आर के इस अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में अपना नाम जांचने या किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए नागरिक राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप का उपयोग कर सकते हैं। उन्होने कहा कि यह अभियान हरदा में एक मजबूत और समावेशी मतदाता सूची सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## धर्म व राष्ट्र को बचाने की खातिर गुरुजी के बलिदान को नमन किया

**खिरकिया।** गुरु तेग बहादुर साहिब का 350वां शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा खिरकिया ने धर्म एवं राष्ट्र को बचाने की खातिर गुरूजी द्वारा दिए गए बलिदान को नमन किया गया। उल्लेखनीय है कि 350 वर्ष पूर्व मुग़ल आतातायी ओरंगजेब ने इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं किए जाने पर गुरु तेग बहादुर का शीश धड़ से अलग करवा दिया था। गुरु जी ने अपने शीश को देकर धर्म को बचाया।






इस निम्मित 25 नवम्बर को सुबह 6:30 बजे गुरूद्वारे से प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें समाज के लोगों ने गुरु तेग बहादुर की शहीदी को शबद -कीर्तन के जरिये नमन किया। प्रभात फेरी का नगर के मुख्य मार्गो से होकर दाना बाबा मंदिर से वापिस गुरूद्वारे पहुंचकर समापन हुआ। बाद में इस निम्मित रखें गए 7 श्री सहज पाठ साहिब जी की समाप्ति हुई। ज्ञानी मोहकम सिंघ ने कीर्तन-दीवान सजाया। गुरुद्वारा सिंघ सभा के अध्यक्ष सरदार हरभजन सिंघ भाटिया ने गुरु तेगबहादुर एवं भाई सतीदास, भाई मतिदास एवं भाई दयाला जी की धर्म की हिफाज़त हेतु दी गई शहीदी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिन्द की चादर बनकर जिस तरह उन्होंने तिलक और जनेऊ की रक्षा की उनका अदम्य साहस भारतवर्ष कभी नहीं भूल सकता। उनके शहीदी दिवस पर सर झुकता नहीं, गर्व से और भी ऊँचा हो जाता है।

## ब्रह्मकमल का फूल खिला, देखने पहुंचे लोग

**खिरकिया।** नगर के समाजसेवी दुर्गा दास पाटिल के मकान के आंगन में सोमवार देर रात ब्रह्मकमल का फूल खिला। फूल की कोमल पंखुड़ियों और दिव्य आभा को निहारने के लिए देर रात तक आसपास के नागरिक उनके घर पर फूल के दर्शन के लिए पहुंचते रहे। पौराणिक महत्व में ब्रह्म कमल एक अत्यंत पवित्र और दुर्लभ पौधा है। यह उत्तराखंड के केदारनाथ, पिंडारी ग्लेशियर, फूलों की घाटी आदि स्थानों पर। ब्रह्म कमल केवल साल में एक बार महज कुछ घंटों के लिए खुलता है। इसे भगवान ब्रह्मा द्वारा उत्पन्न माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इसे सौभाग्य, समृद्धि और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। प्रकृति कई रहस्यों से भरी है, लेकिन कुछ चीज़ें ऐसी होती हैं जो खुद में आध्यात्मिक ऊर्जा और दिव्यता समेटे होती हैं। ब्रह्मकमल ऐसा ही एक फूल है जो साल में सिर्फ एक बार खिलता है और वो भी कुछ ही घंटों के लिए। यह फूल अपनी सुंदरता, पौराणिक मान्यता और दुर्लभता के कारण खास महत्व रखता है।



## जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला स्तरीय मप्र राज्य जैवविविधता क्विज 2025 मंगलवार को डॉ. बीआर अम्बेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले की 53 विद्यालयों की टीमों द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंडलाधिकारी हरदा सामान्य अनिल चोपडा, उप वन मंडलाधिकारी दक्षिण हरदा सामान्य राकेश लहरी, सहायक संचालक शिक्षा बलवंत पटेल एवं प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा संतोष यादव उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान द. फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन हरदा, द्वितीय स्थान शासकीय सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करताना एवं तृतीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिच्छापुर द्वारा प्राप्त किया गया।

कार्यक्रम में सभी सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता टीम को पुरूस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर आने वाली टीम राज्य स्तरीय जैवविविधता क्विज 2025 में जिला हरदा का ऑनलाईन प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद परिक्षेत्र अधिकारी हंडिया सा., वहीद खॉन उपवन क्षेत्रपाल, डी. के शर्मा उपवन क्षेत्रपाल, ताराचन्द्र चौरसिया वनपाल एवं सभी विद्यार्थी एवं प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रबल पवार क्विज समन्वयक एवं डॉ. श्रीलता कुट्टी क्विज समन्वयक द्वारा किया गया।

## कलशयात्रा के साथ प्रारंभ हुआ 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

**सीहोर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा बुधनी नगर के दशहरा मैदान में चार दिवसीय 51 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री परिवार का शुभारम्भ भव्य कलश यात्रा के द्वारा हुआ। युवा संयोजक मनोहर सिंह दांगी ने बताया कि रविवार को गायत्री महायज्ञ की कलश यात्रा का शुभारंभ खेड़ापति हनुमान मंदिर से हुआ। यहां से यात्रा नगर भ्रमण करती हुई गायत्री महायज्ञ आयोजन स्थल तक पहुंची, जहां पर परिजनों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। शांतिकुंज हरिद्वार से आई प्रज्ञा टोली के टोली नायक सूरज सिंह अमृत ने कार्यक्रम के उद्देश्य और स्वरूप पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अतिथियों पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता-अर्जुन मालवीय, रोहित शर्मा, श्रीमती माया त्यागी, सुरेश त्यागी, श्रीमती शशि शर्मा, विष्णु शर्मा, श्रीमति रमिला परमार, विमल तेजराज पाटीदार भोपाल सिंह परमार और राजेंद्र मोदी ने विधिवत आरती की।



### समग्र आईडी व आधार कार्ड से ईकेवाईसी जरूरी

**सीहोर।** सभी आमजन को को सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आईडी एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। अगर आप अपनी भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहतें और अपने भूखण्ड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहतें हो तो आप सभी अपने नजदीकी सीएससी कम्प्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखंडों, प्लाट एवं मकानो की ईकेवाईसी अवश्य कराएं।

### नर्मदा प्रवाह यात्रा का शुभारंभ नागपुर से हुआ

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च हरदा पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित की जा रही तत्व यात्राओं की श्रृंखला अंतर्गत मध्यप्रदेश से निकल रही नर्मदा प्रवाह यात्रा का शुभारंभ सोमवार को नागपुर (महाराष्ट्र) से हुआ। यह यात्रा नागपुर से प्रारंभ होकर पांढुर्णा, बैतूल होते हुए मंगलवार को हरदा पहुंची। यात्रा के जिले में एवं नगर में प्रवेश करते ही जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, मातृशक्ति, युवाओं और नागरिकों ने फूल वर्षा कर यात्रा स्वागत किया। इस दौरान भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, राजो मालवीय, कपिल परमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



#### नागरिकों ने किया पौधरोपण

नर्मदा प्रवाह यात्रा जिले के ग्राम टेमागांव से प्रारंभ होकर हरदा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वृन्दावन कॉलोनी स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क पहुंची। यहां केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने जनप्रतिनिधि व यात्रा के सहभागियों के साथ पौधरोपण किया।